# कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद

पत्रांक– 259 / M-08 / 25 दिनांक 29/02/2024

## कार्यवृत्त

दिनांक 22.02.2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार मे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आहुत की गई जिसमे मुख्य विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद, जिला विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद, श्री विजय चौधरी, जिला समन्वयक (डी0पी0एम0यू0) फर्रुखाबाद, श्री संजीव सिंह डी0पी0एम0 टी0पीआई0, फर्रुखाबाद एवं श्री हिमांशु कान्त, प्रोजेक्ट मैनेजर जी0वी0पी0आर0 इंजी लि0 हैदराबाद, श्री शिव त्रिपाठी, प्रोजेक्ट मैनेजर वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा उपस्थित रहे।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन फेज–02 के अन्तर्गत 227 नग पेयजल योजनाओं पर मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 255 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 243 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 15 नग उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अवशेष पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, 255 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 90 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं अवशेष निर्माणाधीन है, 227 नग सोलर के सापेक्ष 144 नग सोलर स्थापित कर दिये गये है एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 1815 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 1315 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछा दी गयी है एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 113816 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 96321 नग गृह जल संयोजन उपलब्ध करा दिये गये है, 255 नग क्लोरीनेशन प्लान्ट के सापेक्ष 57 नग क्लोरीनेशन प्लान्ट अधिष्ठापित कर दिये गये है।

जल जीवन मिशन फेज–03 के अन्तर्गत 151 नग पेयजल योजनाओं पर मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 151 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसमे 168 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 130 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 154 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 04 नग उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अवशेष पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, 168 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 32 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं अवशेष निर्माणाधीन है, 124 नग सोलर के सापेक्ष 40 नग सोलर स्थापित कर दिये गये है एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 1722 कि0मी0 वितरण के सापेक्ष 1365 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछा दी गयी है एवं अवशेष पर कार्य प्रगति पर है, 80073 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 57110 नग गृह जल संयोजन उपलब्ध करा दिये गये है, 168 नग क्लोरीनेशन प्लान्ट प्रस्तावित है जिसके अधिष्ठापन की कार्यवाही प्रगति पर है, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति बढाने के निर्देश देने के साथ–साथ निम्न बिन्दु पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये:–

1. कार्य पूर्ण न होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित एजेन्सी मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा से कार्य पूर्ण होने की समयावधि के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित एजेन्सियों के प्रतिनिधियों द्वारा माह जून, 2024 तक समस्त निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया।

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 को कार्य स्थल पर हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानकानुसार सुनिश्चित करे हेतु निर्देशित किया साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद मे दो सहायक अभियन्ता एवं तीन जूनियर इंजीनियर होने के कारण आवश्यक है कि टी0पी0आई0 एजेन्सी विशेष प्रयास करे तथा जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये कार्यों की गुणवत्ता मानकानुसार सुनिश्चित कराये साथ ही टी0पी0आई0 को यह निर्देश भी दिये गये कि सिविल कार्यो का सत्यापन सिविल इंजीनियर एवं वि0/यॉ0 कार्यो का सत्यापन वि0/यॉ0 इंजीनियर द्वारा ही कराया जाये।

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री संजीव कुमार को हो रहे गृह जल संयोजनों को निर्धारित मानको के अनुसार घर के अन्दर देने, पाइप की गुणवत्ता मानकानुसार सुनिश्चित करने, पाइप की गहराई मानकानुसार रखने, मानकानुसार सीमेन्ट, पाइप एवं निर्माण सामग्री का प्रयोग कराना, गृह जल संयोजन सत्–प्रतिशत् मानकानुसार कराने हेतु निर्देशित किया गया।

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा दोनो फर्मों के प्रतिनिधियों को पाइप की गहराई मानकानुसार रखने एवं वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त काटी गई सड़कों का मानकानुसार पूर्व की भांति पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिये साथ ही अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों को अधीनस्थों द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

अनुपालन कराना सुनिश्चित करे साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिन ग्रामों मे पाइप लाइन बिछा दी गई है उन ग्रामों मे रोड रीस्टेटमेन्ट का कार्य पूर्ण करा दिया गया है या नही की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को उपलब्ध कराकर रीस्टेटमेन्ट का कार्य पूर्ण कराया जाये साथ ही अधिशासी अभियन्ता को यह निर्देश भी दिये गये कि वितरण प्रणाली डालने के उपरान्त जिन सड़को की पुनः मरम्मत नही की गई है जिससे ग्रामवासियों को चलने में असुविधा हो रही है का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उन्हे सुगम बनाकर कृत कार्यवाही से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराये।

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जनपद फर्रूखाबाद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्तमान तक दिये गये गृह जल संयोजनों का ग्रामवार विवरण तथा कितने ग्रामों मे सुचारू रूप जलापूर्ति हो रही है तथा शेष ग्रामों मे सुचारू रूप से जलापूर्ति कब तक की जायेगी का ग्रामवार विवरण सम्बन्धित फर्मो से प्राप्त कर जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित करे जिससे ग्रामवार सत्यापन कराया जा सके तथा डी0पी0एम0यू0 सम्बन्धित आई0एस0ए0 से समन्वय स्थापित कर ग्रामवार गृह संयोजन का सत्यापन तथा पेयजल की महत्वता एवं संरक्षण हेतु जन जागरूकता करने हेतु आवश्यक कार्यवाही भी कराना सुनिश्चित करे।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में ग्राम–मोहनपुर दीनारपुर, तहसील फर्रूखाबाद एवं ग्राम–समाउद्दीनपुर तहसील कायमगंज में भूमि अप्राप्त है तथा ग्राम–बझेरा मलिकपट्टी एवं नगला दाऊद, तहसील फर्रूखाबाद में मा0 न्यायालय द्वारा आवंटित भूमि पर Stay दिया गया है साथ ही पी0पी0टी0 (PPT) में दर्शाये 07 ग्रामों में स्थलीय विवाद से भी अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी फर्रूखाबाद से समन्वय स्थापित कर स्थानीय विवाद के निराकरण कराने तथा मा0 न्यायालय में लम्बित प्रकरण पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा आवश्यक पैरवी कराने के साथ ही अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि मा0 न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की सम्पूर्ण स्थिति से अवगत रहे तथा जिलाधिकारी महोदय फर्रूखाबाद को भी समय–समय पर अवगत कराये। उक्त के अतिरिक्त ग्राम समाउद्दीनपुर में भूमि उपलब्ध कराने हेतु उपजिलाधिकारी, तहसील–कायमगंज को दूरभाष पर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

28/02/2024

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद।
6. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्र0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
7. मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 डी0पी0एम0यू0 फर्रूखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0लि0 जे0वी0 नोएडा।

28/02/2024

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner